(ग) यदि हां, तो दोषी पाये गये कर्मचारियों को दण्ड देने के लिये क्या कार्यवाही की गई है?

रेल मंत्री (श्री हनुमंतैया) : (क) और (ख) महादेवपुर घाट और बरारी के बीच चलने वाली स्टीमर सेवा पर पूर्वोत्तर रेलवे की चौकसी शाखा के निरीक्षकों और पटना की विशेष पुलिस स्थापना ने मिलकर 28.11.70 को महादेवपुर घाट से और 12.5.71 को बरारी मे जाच पड़ताल की थी। इन जाच पडतालो के दौरान बरारी और महादेवपुर घाट पर टिकट कलैक्टरों द्वारा कुछ ऐसे यात्रियों से 50 पैसे प्रति व्यक्ति लेने के कथित मामले नोटिस मे आये, जिनके पास यात्रा करने के लिए वैध प्राधिकार पत्र नही थे।

(ग) 28 11.70 को की जाने वाली जाच पड़ताल की रिपोर्ट सम्बन्धित प्राधिकारी को भेज दी गई है ताकि सम्बन्धित टिकट कलैक्टर के विरुद्ध अनुशासन एव अपील नियमों के अधीन उपयुक्त कार्रवाई की जाये। ऐसी ही कार्यवाई 12.5 71 को की गई जाच पड़ताल के बारे मे भी की जा रही है।

पूर्वोत्तर रेलवे के नारायणपुर स्टेशन पर प्रतीक्षालय का निर्माण

4656. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का पूर्वोत्तर रेलवे के नारायणपुर स्टेशन पर प्रथम तथा द्वितीय श्रेणी के प्रतीक्षालयों के निर्माण करने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो यह कार्य कब तक पूरा हो जाएगा ?

रेल मंत्री (श्री हनुमंतैया) : (क) जी, नही।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

कटिहार में जलमार्ग विभाग के अधीन बांध में दरार

4657. **श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव** : क्या सिंचाई और विद्युत मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार मे पूर्णिया जिले मे कटिहार सब-डिवीजन मे जलमार्ग विभाग के अधीन बाध मे गगा नदी मे अचानक बाढ़ आ जाने के कारण कन्त नगर गाव के निकट दरार पड गई है;

(ख) क्या रीग बाध के अब तक पूरा न किए जाने के कारण समूचा क्षेत्र पानी मे डूब गया है और इसके परिणामस्वरूप किसानों की खड़ी फसल नष्ट हो गई है; और

(ग) क्या सरकार का विचार उक्त क्षेत्र के लिए कोई योजना तैयार करने का है और यदि हा, तो ऐसा कब तक किया जाएगा ?

सिंचाई और विद्युत मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बैजनाथ कुरील). (क) से (ग). राज्य सरकार ने सूचित किया है कि पूर्णिया जिले के कटिहार उप-मडल मे सावलिया ग्राम के निकट गंगा पर बाया तटबन्ध कट गया है। कटी हुई पहुच के पीछे एक रिग बन्ध का निर्माण किया गया है और इस समय नदी की बाढ़ द्वारा कोई क्षेत्र जलप्लावित नही है। राज्य सरकार ने एक रिटायर्ड तटबंध के निर्माण का कार्य भी हाथ मे लिया है।

Over-bridge near Bhilwara Railway Station (Rajasthan)

4658. SHRI HEMENDRA SINGH BANERA : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether construction of an overbridge at Bhilwara near the Railway Station has been sanctioned ;

(b) whether the foundation stone was laid